आईटीआई लिमिटेड राष्ट्र का 71वां गणतंत्र दिवस मनाया

आईटीआई लिमिटेड ने 26 जनवरी, 2020 को अपने निगमित कार्यलय, बेंगलूरु में राष्ट्र का 71वें गणतंत्र दिवस को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राकेश मोहन अग्रवाल ने श्री शशी प्रकाश गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), श्री डी. वेंकटेश्वरलू, निदेशक (उत्पादन), वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों, अधिकारी संघ और कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

इस अवसर पर, श्री आर एम अग्रवाल ने सभा में उपस्थित सभी को अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने जो हमारे देश को स्वतंत्र बनाने के लिए अपने प्रणों की बलिदान दी उन सभी शहीदों को और भारत को संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए भारतीय संविधान का प्रारूप और अनुमोदन हेतु भारतीय संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री अग्रवाल ने कंपनी के प्रदर्शन, चालू परियोजनाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए, सभी कर्मचारियों से वर्ष 2019-20 हेतु चुनौतियों को पूरा करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आदेशों का निष्पादित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर, उन्होंने कंपनी के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए कार्मिकों को निगमित निष्पादन पुरस्कार भी वितरित किए।